**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**20.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

## गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा है कि पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। गोमा आज पंचरूखी के सलियाणा पशु चिकित्सालय में आयोजित बछड़ी रैली के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पशुपालकों की अजीविका को सुदृढ़ करने के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने इस मौके पर रैली के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

## सिकंदर कुमार

राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा  जीएसटी दरों में दी गई रियायत का समाज के सभी वर्गों के लोगों को लाभ होगा। सिकंदर कुमार ने आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जीएसटी दरें कम होने से देश भर के लोगों की जेब में पैसा बचेगा और चीजें सस्ती होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

## स्वस्थ नारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितम्बर को जन्म दिन के मौके से देश भर में शुरू हुए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आज सुंदरनगर नागरिक अस्पताल में भी शुभारंभ हुआ। यहां हर रोज लगभग 2 सौ महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। शिविर में गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच की व्यवस्था की गई है। शिविर में रक्तचाप, हिमोग्लोबिन, स्तर, क्षय रोग, स्तन कैंसर और ग्रीवा कैंसर जैसी बिमारियों की जांच की जा रही है। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं और शल्य चिकित्सा की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध है। शिविर में पहुंच रही महिलाओं का कहना है कि सभी महिलाओं को इस शिविर का लाभ उठाना चाहिए।

## सेवा पखवाड़ा

प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत कल 21 सितम्बर को शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक नमो मैराथन का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री संजीव कटवाल ने आज शिमला में कहा कि इस मैराथन को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्श्व गायक मोहित चौहान हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह सात बजे मैराथन में आए लोगों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। दौड़ सुबह साढ़े सात बजे आरंभ होगी। संजीव कटवाल ने कहा कि नमो मैराथन का आयोजन नशा मुक्त भारत और आत्मनिर्भर भारत की थीम पर किया जा रहा है।

## बस सेवा

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने कहा है कि घाटी के सुराल से शिमला चलने वाली राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा बंद हो जाने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार और पांगी प्रशासन से आग्रह किया है कि इस बस सेवा को तुरंत बहाल किया जाए ताकि पांगी घाटी की जनता को छोटी गाड़ियों के भारी भरकम किराए से राहत मिल सके।

## शहीद

बिलासपुर जिला के शाहतलाई क्षेत्र के थेह गांव के लांस दफेदार बलदेव चंद जम्मू कश्मीर में एक आतंकी मुठभेड़ में शहीद हो गए हैं। वह राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात थे। लांस दफेदार बलदेव चंद की शहादत की आज सूचना आई। उनकी शहादत की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 35 वर्षीय बलदेव चंद के पिता विश्न दास भी सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत हुए हैं। शहीद बलदेव चंद का पार्थिव शरीर आज शाम तक उनके गांव पहुंचने की संभावना है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लांस दफेदार बलदेव चंद की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। _

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अभी तक सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस वर्ष मॉनसून के दौरान अभी तक एक हज़ार 21 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो–तीन दिनों में प्रदेश के कुछ भागों से मॉनसून के वापस जाने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। विभाग ने 21 से 23 सितम्बर तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

———————————————————————